समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# लॉर्ड्स टेस्ट मे इंग्लैडं ने चुनी गेदंबाजी, भारत की प्लेइंग XI मे बुमराह की वापसी, जोफ्रा आर्चर 4 साल बाद इंग्लैडं टीम मे शामिल।

Publisher Published on 10 Jul 2025




**तीसरे टेस्ट मे इंग्लैडं ने टॉस जीतकर पहले गेदंबाजी का फैसला लिया, भारत ने प्रसिद्ध कृष्णा को बाहर कर बुमराह को दी जगह, इंग्लैडं की प्लेइंग XI मे जोंफ्रा आर्चर की वापसी।**

**IND vs ENG 3rd Test Match Toss: लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड** पर खेले जा रहे **भारत** और **इंग्लैडं** के बीच तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया है। यह सीरीज का पहला मौका है जब इंग्लिश टीम पहले बल्लेबाजी करने नहीं उतरी है।

भारत ने अपनी **प्लेइंग इलेवन** में **जसप्रीत बुमराह (Jasprit Bumrah)** की वापसी कराई है, जबकि पिछले मैचों में महंगे साबित हुए प्रसिद्ध कृष्णा को बाहर कर दिया गया है। दूसरी ओर, इंग्लैंड ने लंबे समय बाद अपने **स्टार गेदंबाज जोफ्रा आर्चर (Jofra Archer)** को टेस्ट टीम में शामिल किया है, जो करीब चार साल बाद **टेस्ट क्रिकेट** में वापसी कर रहे हैं।

**बुमराह की वापसी से भारत मजबूत**
**भारतीय कप्तान शुभमन गिल** ने टॉस के बाद कहा कि अगर वह टॉस जीतते तो भी पहले गेंदबाजी ही चुनते। उन्होंने कहा कि टीम के गेंदबाज आत्मविश्वास से भरे हुए हैं और परिस्थितियां भी गेंदबाजी के अनुकूल हैं।

बुमराह के आने से **भारतीय पेस अटैक** और मजबूत हो गया है, जिसमें पहले से ही मोहम्मद सिराज और आकाश दीप मौजूद हैं।

**जोफ्रा आर्चर की धमाकेदार वापसी**
इंग्लैंड के तेज गेंदबाज **जोफ्रा आर्चर** चोट के कारण लंबे समय से क्रिकेट से दूर थे। उन्होंने आखिरी टेस्ट 4 साल पहले भारत के खिलाफ ही अहमदाबाद में खेला था, जिसमें भारत ने 10 विकेट से जीत दर्ज की थी।

**आर्चर की वापसी से इंग्लैडं के गेदंबाजी आक्रमण को नई धार मिली है।**

**भारत की प्लेइंग XI:**

यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, करुण नायर, शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), नितीश कुमार रेड्डी, रवींद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर, आकाश दीप, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज

**इंग्लैडं की प्लेइंग XI:**

जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जैमी स्मिथ, क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोफ्रा आर्चर, शोएब बशीर

अब तक सीरीज का हाल

१. **भारत और इंग्लैडं के बीच 5 टेस्ट मैचों की सीरीज 1-1 की बराबरी पर है।**

२. **पहला टेस्ट इंग्लैडं ने जीता था।**

३. **दूसरा टेस्ट भारत ने शुभमन गिल की कप्तानी मे 336 रनों से ऐतिहासिक जीत के साथ अपने नाम किया था।**

**लॉर्ड्स टेस्ट** में बुमराह और **जोफ्रा आर्चर** जैसे स्टार गेंदबाजों की वापसी से मुकाबला बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है। दोनों टीमों के गेंदबाजों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल सकती है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.